दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, सोमवार 28 अक्टूबर 2024

www.nyaysakshi.com



# नालंदा परिसर के निर्माण के लिए नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42.56 करोड़ के एमओए पर हुआ हस्ताक्षर

- नालंदा परिसर रायगढ़ शहर को एजुकेशन हब बनाने में बनेगी मील का पत्थर- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी
- वित्त मंत्री चौधरी ने कहा ज्ञान आधारित समाज निर्माण में नालंदा परिसर की होगी अहम भूमिका
- वित्त मंत्री चौधरी ने बताया कैसे आया उन्हें नालंदा परिसर बनाने का विचार
- सर्व सुविधायुक्त होगी नालंदा परिसर लाइब्रेरी, 24/7 स्टडी जोन में एक साथ पढ़ सकेंगे 500 से ज्यादा बच्चे, हजारों किताबों का होगा संग्रह

**रायगढ़**




वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की उपस्थिति में रायगढ़ में नालंदा परिसर के निर्माण के लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42.56 करोड़ के मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि यह नालंदा परिसर हमारी नयी पीढ़ी के विकास और रायगढ़ को एजुकेशन हब बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि रायगढ़ को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाना हम सबका सपना है। जिसमें आने वाली पीढ़ी का सक्रिय योगदान होगा और नालंदा परिसर इसके लिए मजबूत बुनियाद तैयार करने का कार्य करेगा। एनटीपीसी के सहयोग से नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए टेंडर की स्वीकृति दी जा चुकी है।

उन्होंने ज्ञान आधारित समाज के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि आने वाला समय ज्ञान पर आधारित होगा। 1991 में भारत 266 बिलियन डॉलर से आज 2024 में 3 हजार 700 बिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनी है। आगे इसका आकार और तेजी से बढ़ेगा। अर्थव्यवस्था के मजबूत होने से देश में सभी को इसका लाभ मिलता है, लेकिन जो समय के साथ ज्ञान अर्जन कर खुद को तैयार करते हैं, उन्हें इसका ज्यादा फायदा मिलता है।

रायपुर में जब नालन्दा परिसर बना उसके बाद वहां पूरे शहर के छात्र वहां पढने आते हैं। जिसमें से कई आईएएस और स्टेट पीएससी में मेंस और इंटरव्यू तक पहुंचे होते हैं। दूसरी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए भी छात्र आते हैं। जिससे लाइब्रेरी में शिक्षा के लिए अच्छा इको सिस्टम तैयार होता है। यह ज्ञान आधारित समाज के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 22 नालंदा परिसर निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

कार्यक्रम को पूनम सोलंकी व सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य शेख सलीम नियारिया, रमेश भगत, पार्षद पंकज कंकरवाल, सीनू राव, महेश कंकरवाल, नारायण पटेल, रूपचंद पटेल, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, गुरपाल भल्ला, सुरेश गोयल, मुकेश जैन, विकास केडिया, सुरेश गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी, ईडी एनटीपीसी अनिल कुमार, एचआर हेड जाकिर खान एवं गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**ऐसे आया नालंदा परिसर बनाने का विचार-** जब 12 वीं पास कर के आगे की पढ़ाई के लिए भिलाई गया तो वहां मेडिकल और इंजीनियरिंग आईआईटी की तैयारी के लिए बहुत अच्छा माहौल था लेकिन सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए कोई माहौल नहीं था। वहां के बड़े बुक स्टोर्स में भी सिविल सर्विस के किताबों की किल्लत होती थी। गिनती की पुस्तकें मिलती थी। रायपुर में भी ढंग की बुक्स नहीं मिल पाती थी। फिर किताबें ढूंढने दिल्ली गया। वहां एक ही बुक डिपो में सारी किताबें मिल गई। जिससे एहसास हुआ कि यह एक बड़ा अंतर है कि सही किताबें और सही माहौल नहीं मिलने से हमारे प्रदेश में लोग सिविल सर्विस में सलेक्ट नहीं हो पाते हैं। इसके लिए जब कलेक्टर बना तो रायपुर में नालंदा परिसर की सोच को साकार किया। जिसका लाभ उठाकर आज सैकड़ों युवा सफलता के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

**नवोदय में मिली असफलता से दूसरों के लिए बेहतर करने की सीख मिली-** वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि मैं नवोदय की प्रतियोगी परीक्षा में चयनित नहीं हो पाया था। उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाया तो तैयारी सही नहीं थी। आगे जब इस बारे में सोचा तो मेरा लगा कि जीवन में जिस कठिनाई का सामना किए हैं सक्षम होने पर उसका समाधान दूसरों के लिए खोजना चाहिए। दंतेवाड़ा में नन्हे परिंदें प्रोजेक्ट शुरू किया। यहां दूर दराज के बेहद गरीब परिवार और नक्सल प्रभावित परिवारों से बच्चे को सलेक्ट कर लाते थे। उनकी 5 वीं की तैयारी कर नवोदय और सैनिक स्कूल की तैयारी करवाया जाता था। आज कई बच्चे वहां से पढ़कर अपने जीवन में काफी अच्छा कर रहे हैं।

**लाइब्रेरी में होगी ये सुविधाएं-** नालंदा परिसर लाइब्रेरी 24/7 स्टडी जोन होगा। जहां 500 से अधिक बच्चे एक साथ पढ़ सकें यह सुविधा होगी। 25 हजार किताबों के संग्रह के साथ अंतराष्ट्रीय स्तर के ई-बुक एक्सेस करने की भी सुविधा होगी। तीन कॉन्फ्रेंस हाल के साथ कैफेटेरिया भी होगा। सिविल सर्विसेज के साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, क्लैट की तैयारी के साथ मैथ्स ओलिंपियाड के लिए भी किताबें यहां होगी। करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन होगा। 100 से अधिक कंप्यूटर के साथ इंटरनेट के लिए वाईफाई की सुविधा भी छात्रों को यहां मिलेगी। 5 वीं के बाद बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए तैयारी हेतु एक किड्स स्टडी जोन भी अलग से तैयार होगा। जहां उनके सिलेबस के अनुसार किताबें और स्टडी मटेरियल उपलब्ध रहेगा।

**3 करोड़ से अधिक के 7 बीटी सड़क निर्माण का हुआ भूमिपूजन-** वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने इसके साथ ही 3 करोड़ 1 लाख 96 हजार रुपये की लागत से 7 बीटी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसमें 34 लाख 97 हजार रूपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में तुलसी होटल से गांधी प्रतिमा एवं मालधक्का रोड तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 15 लाख 32 हजार रूपये की लागत से 15 वें वित्त से वार्ड क्रमांक 18 पोस्ट ऑफिस के पीछे ओम मोबाईल से सांसद निवास तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 45 लाख 58 हजार रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला स्कूल से पीपल पेड़ तक बीटी रोड़ निर्माण कार्य, 30 लाख रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 27 गुरूद्रोण स्कूल से शिशुपाल घर तक बीटी रोड निर्माण कार्य, 49 लाख 33 हजार रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 46 उर्दना में मेन रोड से 6 वीं बटालियन ऑफिस तक बीटी सड़क निर्माण कार्य, 35 लाख रुपये की लागत से अधोसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 रियापारा चौक से संबरी स्प्रे पेंटिंग शॉप चांदमारी (रामपुर मेन रोड) तक बीटी रोड निर्माण कार्य तथा 88 लाख 76 हजार रुपये की लागत से 15 वें वित्त से वार्ड क्रमांक 26 एवं 27 जियो मार्ट के सामने से हाऊसिंग बोर्ड बिल्डिग तक अतरमुड़ा रोड में बीटी सड़क निर्माण कार्य शामिल है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से 30 अक्टूबर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थी वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित संस्था, जिला कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त की जा सकती है।

### आईटीआई सरिया में 28 अक्टूबर को होगा कौशल पखवाड़ा शिविर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई सरिया में 28 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में युवाओं से काउंसिलिंग कर उपलब्ध विभिन्न कोर्स के प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र लिए जायेंगे। जिले में संचालित कौशल विकास योजना तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से जिले में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

### समिति में धान बिक्री के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आगामी माह में धान खरीदी के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ शासन ने किसानों से धान खरीदी की सुगमता के लिए खरीफ 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 31 अक्टूबर 2024 तक पंजीयन किया जाएगा। जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करवा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं ताकि धान विक्रय करने वाले किसान कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो।

## चौकी खरसिया पुलिस ने गस्त दौरान पुरानी बस्ती पर किया जुआ रेड, फड से 6 गिरफ्तार, 22170 रुपए जब्त

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर दीपावली के अवसर पर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए खरसिया पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, बीते रात चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में पुरानी बस्ती के गली रोड इलाके में छापा मारा गया। इस कार्यवाही के दौरान छ: लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

जुआ फड पर गिरफ्तार जुआडियान के नाम और विवरण:

1. राहुल राठौर (उम्र 33, पिता - राजेश राठौर)
2. रमेश राठौर (उम्र 34, पिता - नाथूराम राठौर)
3. हितेश राठौर (उम्र 33, पिता - स्वर्गीय भीष्म सिंह)
4. आयुष राठौर (उम्र 28, पिता - देवचरण राठौर)
5. अरुण राठौर (उम्र 37, पिता - स्वर्गीय खिलावन राठौर) सभी पुरानी बस्ती खरसिया
6. लक्ष्मीनारायण साहू (उम्र 42, पिता - दुजेराम साहू) रायगढ़ चौक खरसिया

इन सभी आरोपियों के पास से कुल रु. 22,170 नकद राशि, 52 पत्तों का तास सेट, और एक प्लास्टिक बोरी बरामद की गई, जिन्हें मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (निषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया है। चौकी प्रभारी संजय नाग द्वारा जुआरियों को जुआ -सट्टा, अवैध गतिविधियों से दूर रहने की सख्त समझाइश दी गई है।

## जमीन विवाद में भाई ने बहन पर किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द में जमीन विवाद को लेकर एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा अपनी बहन पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी भुवन साय मांझी (45 वर्ष) ने अपनी सगी बहन रत्नीबाई मांझी (55 वर्ष) के सिर पर टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

रत्नीबाई मांझी के पुत्र नैहरसाय मांझी द्वारा 25 अक्टूबर को दर्ज कराया कि उसके नाना नानी ने ही भालूपखना गांव में उनके घर के पास मां को घर बनाने के लिए जमीन दी जिस पर वे घर बनाकर बसे हुए हैं। इसी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया घर निर्माण के प्रयास पर मामा भुवन साय मांझी ने आपत्ति जताई। इसी विवाद के चलते दिनांक 25 अक्टूबर 2024 को सुबह करीब 08:00 बजे आरोपी ने रत्नीबाई पर टांगी से हमला कर दिया और धमकी दी कि उनके घर के पास निर्माण कार्य जारी रखा तो जान से मार देगा।

डायल 112 से घायल रत्नीबाई मांझी को तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराते हुए पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भुवन साय मांझी के खिलाफ अपराध क्रमांक 250/2024 के तहत धारा 109(1), 118(1), 296, 351(2) बीएनएस में मामला पंजीबद्ध कर चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक मनीष कांत ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों की बुकिंग बढ़ी

**रायपुर। आरएनएस**



दीवाली और छठ पूजा के दौरान लंबी दूरी की ट्रेनें पूरी तरह पैक हो चुकी हैं। खासकर उत्तर भारत जाने वाली ट्रेनों, जैसे सारनाथ, साउथ बिहार, हटिया, गोंडवाना, छत्तीसगढ़, गोंदिया-बरौनी, और समता में दिसंबर के दूसरे सप्ताह के बाद ही कंफर्म टिकट मिल रहा है।

वर्तमान में अधिकांश ट्रेनों में 50 से 60 वेटिंग चल रही है, जबकि उत्तरप्रदेश जाने वाली सारनाथ और गोंदिया-बरौनी की ट्रेनें नवंबर माह तक पूरी तरह से भरी हुई हैं। जैसे-जैसे दीवाली और छठ पर्व नजदीक आ रहा है, रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों की बुकिंग लगातार बढ़ रही है।

विशेषकर 24 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के बीच अधिकांश ट्रेनों की सीटें पूरी तरह से भर चुकी हैं, और वेटिंग लिस्ट 50 से अधिक हो गई है। उत्तर भारत की ओर जाने वाले ट्रेनों के एसी कोच के किसी भी श्रेणी में टिकट मिलना अब मुश्किल हो गया है। त्योहार के समय घर जाने वाले यात्रियों के लिए तत्काल टिकट ही एकमात्र विकल्प रह गया है। रायपुर से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, और झारखंड जाने वाले यात्रियों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है, जबकि ट्रेनों की संख्या कम होने से भीड़ बढ़ गई है।

### छठपूजा के लिए 31 से पूजा स्पेशन ट्रेन की सुविधा

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहार के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़भाड़ को कम करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए सनतनगर-रायपुर-सनतनगर के मध्य 03 फेरे के लिए दीपावली एवं छठ पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह ट्रेन सनतनगर से रायपुर के लिए 07023 नंबर के साथ दिनांक 31 अक्टूबर एवं 07 और 14 नवंबर, 2024 को रवाना होगी। यह गाड़ी सनतनगर से 21.00 बजे रवाना होकर 21.40 बजे सिकंदराबाद एवं अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन 8:20 बजे नागपुर, 10:25 बजे गोंदिया, 11.08 बजे राजनंदगांव, 12:30 बजे दुर्ग, 13.45 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार रायपुर से सनतनगर के लिए 07024 नंबर के साथ दिनांक 01, 08 और 15 नवंबर 2024 को चलेगी। यह गाड़ी रायपुर से 1645 बजे रवाना होकर 17:40 बजे दुर्ग 18:00 बजे राजनंदगांव 19.37 बजे गोंदिया 2135 बजे नागपुर होते हुए अगले दिन 7:35 बजे सिकंदराबाद एवं 9:30 बजे सनतनगर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 02 एसएलआर/एसएलआरडी, 02 सामान्य, 11शयनयान, 07 एसीथ्री, 02 एसीटू- सहित 24 कोच रहेगी।

## इंडिगो ने बंद किया जगदलपुर-रायपुर उड़ान

**रायपुर। आरएनएस**




छत्तीसगढ़ में जगदलपुर-रायपुर रूट पर चल रही फ्लाइट सुविधा कल 28 अक्टूबर से बंद हो रही है। बताया जा रहा है कि यात्री नहीं मिलने के कारण विमान कंपनी को नुकसान हो रहा था। इसे देखते हुए इंडिगो प्रबंधन ने यह फैसला लिया है। हालांकि हैदराबाद, जबलपुर, बिलासपुर और दिल्ली के लिए कंपनी सेवाएं जारी रखेगी। रायपुर के लिए फ्लाइट सप्ताह में 4 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को उड़ान भरती थी। फ्लाइट हैदराबाद-जगदलपुर और जगदलपुर-रायपुर, फिर रायपुर-जगदलपुर और जगदलपुर-हैदराबाद के लिए चलती थी। इंडिगो को रायपुर के लिए 60 प्रतिशत यात्री ही मिल रहे थे। ऐसे में इंडिगो को इस रूट पर घाटा हो रहा था। शुक्रवार 25 अक्टूबर को इंडिगो ने जगदलपुर से रायपुर के लिए अपनी आखिरी उड़ान भरी थी। इस फ्लाइट से हैदराबाद से 68 पैसेंजर जगदलपुर पहुंचे और यहां से 74 यात्री रायपुर के लिए रवाना हुए। वहीं रायपुर से 66 यात्री जगदलपुर आए और यहां से 62 यात्री हैदराबाद के लिए रवाना हुए थे।

## दानसरा के आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ परियोजना अंतर्गत ग्राम दानसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र 1 के लिए आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती हेतु 28 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ के पता में आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। इसी प्रकार आवेदिका को संबंधित गांव का निवासी होना चाहिए। गांव के मतदाता सूची में नाम दर्ज हो, निवास प्रमाण पत्र में गांव के निवासी के लिए सरपंच और सचिव दोनों का हस्ताक्षर होना चाहिए या पटवारी का हस्ताक्षर होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित होना चाहिए।

## एयरपोर्ट में पार्किंग की नई दरें जारी : कार पार्किंग 20 रुपए महंगी, 28 से लागू होगी शुल्क

**रायपुर। आरएनएस**



रायपुर के स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में यात्रियों को पिकअप और ड्राप करने एयरपोर्ट जाना लोगों को और महंगा पड़ेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन पार्किंग के लिए नए शुल्क जारी कर दिए गए है।

नई दरें पुरानी दर से दोगुना है। अब आधा घंटे की कार पार्किंग के लिए देने 40 रुपए देने होंगे। वहीं पहले आधे घंटे कार पार्किंग के लिए 20 रुपए लिए जाते थे। इसके अलावा प्रीमियम कारों के लिए 100, टेंपो, स्ड्क मिनी बस के लिए 80 रुपए पार्किंग शुल्क तय किए गए हैं।

यहां देखें जारी शुल्क

मिली जानकारी के अनुसार, फ्री पिकअप ड्रॉप के लिए 5 मिनट का समय दिया गया है। वहीं 24 घंटे के कार पार्किंग के लिए 195 रुपए और प्रीमियम कार की पार्किंग के लिए 390 रुपए देने होंगे। वहीं पार्किंग शुल्क का उल्लंघन करने पर 500 का जुर्माना लगाया जाएगा। प्रबंधन ने चार मिनट के फ्री पार्किंग में एक मिनट की बढ़ोतरी की है। पिक-अप के लिए आने वाले कमर्शियल वाहनों को भी अब तीस के बजाए साठ रुपए शुल्क देना होगा। एयरपोर्ट में पार्किंग शुल्क की नई दरें 28 अक्टूबर से लागू होगी।

नई व्यवस्था के तहत कार की नाईट पार्किंग का शुल्क 105 से बढ़ाकर 195 किया गया है। इसके लिए मालिक को कार पार्किंग प्रबंधक के नियमानुसार वाहन पार्क करना होगा। साथ ही डीएल, आरसी की जीरोक्स कॉपी के साथ चाबियां कार पार्किंग प्रबंधक को सौंपनी होगी। ऐसा न करने पर कार मालिक को पार्किंग प्रबंधक, टर्मिनल प्रबंधक के साथ ही माना ट्रैफिक पुलिस को भी सूचित करनी होगी।

निजी वाहनों को भी केवल वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों, व्हीलचेयर यात्रियों, गर्भवती महिलाओं और गोद में बच्ची के लिए आगमन लेन के सामने से पिकअप करने की अनुमति होगी। किसी हालत में वाहनों को टर्मिनल बिल्डिंग के सामने इंतजार करने की अनुमति नहीं दी गई है। वहीं नियम तोडऩे वाले वाहनों पर वहां के कर्मचारी आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

यात्रियों के जेब में दोगुना भार पड़ेगा

तय किया गया शुल्क एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों पर दोगुना भार डालेगा। व्यवस्था के तहत एयरपोर्ट पर यात्रियों को ड्राप करने आने वाले वाहनों को चार के बजाएं पांच मिनट का फ्री टाइम दिया गया है। इससे ज्यादा समय होने पर पांच सौ रुपए शुल्क लिया जाएगा। पिकअप करने के लिए आने वाले कामर्शियल वाहनों के लिए आधे घंटे का शुल्क बढ़ाकर 60 रुपए कर दिया गया है। एयरपोर्ट आने वाले दोपहिया वाहनों के शुल्क में बदलाव नहीं किया गया है। वहीं निजी कार के लिए आधे घंटे का शुल्क बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह अन्य वाहनों के शुल्क में भी बढ़ोत्तरी की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480